बीईसीई-002

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बीडीपी)

सत्रीय कार्य
(2025-26)

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.ई.–002
पाठ्यक्रम का शीर्षक : भारतीय आर्थिक विकास : मुद्दे और परिदृश्य

समाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली– 110068

बीईसीई–002
भारतीय आर्थिक विकास : मुद्दे और परिदृश्य

सत्रीय कार्य (टीएमए)
2025–26

कार्यक्रम कोडः बीडीपी

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.ई.–002

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि बीएजी की कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है, आपको अर्थशास्त्र के इस वैकल्पिक पाठ्यक्रम (बी.ई.सी.ई. –002) के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। यह एक शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए) है और इसके 100 अंक नियत हैं।

यह महत्वपूर्ण है कि आपस भी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। टीएमए को आपको विभिन्न श्रेणियों के प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यहां मूल्यांकन आपके उत्तरको व्यवस्थित, सटीक और सुसंगत तरीके से प्रस्तुत करने की आपकी क्षमता को ध्यान में रखकर किया गया है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाग क में 20–20 अंकों के दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। भाग ख में 10–10 अंकों के तीन प्रश्न हैं जब कि भाग ग में आपको 15 अंकों के दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

जमा करना : पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को आपके अध्ययन केंद्र के समन्वयक के पास जमा करना है।

सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि है :

30 अप्रैल, 2026	**जून 2026 की सत्रांत परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए**
31 अक्तूबर 2026	**दिसंबर 2026 सत्रांत परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए**

भारतीय आर्थिक विकास : मुद्दे और परिदृश्य

शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठ्यक्रम कोडः बीईसीई-002
सत्रीय कार्य कोडः एएसटी/टीएमए/2025-26
कुल अंक : 100

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा–500 शब्द) **2x 20=40 अंक**

खंड क

1. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना किन सिद्धांतों पर की गई है? कृषि, ट्रिप्स (TRIPS) और ट्रिम्स (TRIMS) पर विश्व व्यापार संगठन के समझौतों पर चर्चा करें।

2. विकास संवृद्धि से किस प्रकार भिन्न है? विकास के विभिन्न दृष्टिकोणों को स्पष्ट कीजिए।

खंड ख

मध्यम उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 250 शब्द) **4 x 12=48 अंक**

3. भारत में मौद्रिक नीति के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों का उल्लेख करें। उनमें से किसे मद्रास्फीति विरोधी माना जाता है और क्यों?

4. भारतीय अर्थव्यवस्था में 'काली अर्थव्यवस्था' (Black Economy) के उदय और स्थायित्व के क्या कारण थे?

5. बजटीय व्यय और परिणामों के बीच क्या संबंध है? इनमें से किस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और क्यों?

6. समझाइए कि विदेशी व्यापार किसी देश की आर्थिक वृद्धि में किस प्रकार योगदान देता है।

खंड ग

लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा–100 शब्द) **2×6 = 12 अंक**

7. मानव विकास सूचकांक (HDI) के मूल आयाम क्या हैं?

8. महालनोबिस मॉडल' को भारी उद्योग रणनीति क्यों कहा जाता है? चर्चा करें।